फैक्स/ई-मेल

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ।

सिग्नेचर भवन टावर-2 चतुर्थ तल गोमती नगर विस्तार, शहीद पथ लखनऊ

पत्रॉकः-दस-51(पुलिस आरक्षी भर्ती-18)2020/1506 दिनॉकःलखनऊः मई 24 ,2021

सेवा में,

1. **आयुक्त,**
   लखनऊ नगर/गौतमबुद्धनगर/कानपुर नगर/वाराणसी नगर।

2. **समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/प्रभारी** जनपद,
   उत्तर प्रदेश ।

विषयः- पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-अक्टू0-2018 द्वितीय चरण के अर्न्तगत आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के जे0टी0सी0 के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

कृपया उर्पयुक्त विषयक इस मुख्यालय के पत्र संख्याः पत्र संख्याः दस-51-(आरक्षी ना0पु0भर्ती 2018)2020/1426 दिनांकः 11-05-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पदों पर सीधी भर्ती-अक्टूबर-2018 के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का आधारभूत प्रशिक्षण हेतु द्वितीय चरण में आरक्षी ना0पु0 हेतु कुल 17322 चयनित अभ्यर्थियों में से 12137 पुरूष एवं 5185 महिलाओं का जनपदवार संख्यात्मक जे0टी0सी0 आवंटन की सूचना आपको अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पदों पर सीधी भर्ती-अक्टूबर-2018 के सापेक्ष द्वितीय चरण हेतु उपलब्ध करायी गयी सूची में चयनित कुल 17322 अभ्यर्थियों में से 12137 पुरूष एवं 5185 महिला अभ्यर्थियों की **नामवार सूची** उ0प्र0 पुलिस बेबसाइट-https://uppolice.gov.in→Personnel→nongazetted officials→Karmik (Order/Circulars)→Circulars Regarding Establishment Matters of Non GOs by DGP HQ पर प्रर्दशित की जा रही है।

3. उक्त अभ्यर्थियों की **जे0टी0सी0 दिनांक 31.05.2021 से प्रारम्भ** तथा आर0टी0सी0 (आधारभूत प्रशिक्षण) दिनांक 28.06.2021 से प्रारम्भ होगी। उपरोक्त सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर निम्नांकित कार्यवाही पूर्ण की जायः-

1.वर्दी तैयार कराना
2.बैंक खाता खुलवाना
3.पीएनओ आवंटन
4.प्रान खाता खुलवाना
5.नियुक्ति-पत्र जे0टी0सी0 जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद द्वारा जारी किया जायेगा।

4. गृह जनपद में चिकित्सा परीक्षण/चरित्र सत्यापन हो रहे हैं वहॉ के पुलिस अधीक्षक द्वारा सफल अभ्यर्थियों की सूची अवश्य प्रर्दशित की जायेगी

5. **यह अनन्तिम जनपद आवंटन है। केवल चरित्र सत्यापन/चिकित्सा परीक्षण में सफल अभ्यर्थी के लिए ही प्रभावी होगा।**

6. कोविड-19 कोरोना वायरस वैश्वविक महामारी के दृष्टिगत भारत सरकार/उ0प्र0 शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

7. निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त सम्बन्ध में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही तत्काल कराते हुए सर्वसम्बन्धित को अवगत कराते हुए इस मुख्यालय को सूचित कराने का कष्ट करें।

24.05.2024

(श्वेताभ पाण्डेय)
पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना
नि0 अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना
उत्तर प्रदेश ।

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1.समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ।
2.समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश ।

प्रतिलिपिः-अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया आर0टी0सी0 प्रशिक्षण हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करे।